- तुम्हारी दलील के अनुसार तो नब्बे प्रतिशत बॉलीवुड की फिल्मों पर भी हिंसा को बढ़ावा देने के लिए रोक लगा देनी चाहिए। अगर हां, तो यहां समय बरबाद करने की बजाए उनसे जा कर लड़ो। अगर नहीं, तो हिन्दूओं, उनके आदर्शों और उनके आस्था चिन्हों का अपमान करने का दुस्साहस मत करो। इसका अंजाम जानने के लिए कुछ एक्शन फिल्में देख लो।

- गाय के मामले में हम बहुत स्पष्ट हैं कि हिन्दूओं को उनकी रक्षा के लिए जो भी आवश्यक हो वो सब कुछ करना चाहिए और हर

परिस्थिति में उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास होने चाहिएं।

- सभी कापुरुषों के लिए सख्त चेतावनी: शिवाजी, प्रताप, गुरु गोबिंद, बंदासिंह बहादुर, ए.पी.जे अब्दुल कलाम या हमारे दुसरे आदर्श महापुरुषों का अपमान करने से बाज़ आएं और बेकार की नफ़रत को हवा न दें। नफरत सेहत पर बुरा असर डालती है।

१७

तुम आर.एस.एस जैसे आतंकी संगठनों का समर्थन करते हो।

क्या तुम ऐसे कट्टरवादी दक्षिणपंथी संगठनों का समर्थन करोगे, जैसे - बजरंग दल, शिव सेना, वी.एच.पी और आर.एस.एस जो कि आतंकी हैं?

अग्निवीर:

हिन्दू शांत स्वभाव के, नरम दिल और सीधे होते हैं। हम ऐसे किसी हिन्दू संगठन को नहीं जानते जो कभी भी किसी आतंकी गतिविधि में सामिल रहा हो। लेकिन, हां हम हमेशा सही संगठन और उचित कारण का समर्थन करते हैं। गलत संगठनों और गलत कारणों को महिमामंडित करने के हम सख्त खिलाफ़ हैं।

अगर इस्लामिक कट्टरवाद ऐसे ही बढ़ता रहा और तुम्हारे जैसे उदारवादी हिन्दूओं को अपने दृढ़ धर्मप्रेमियों का समर्थन करने से ऐसे ही रोकते रहे, तो शिवाजी और प्रताप पैदा होंगे ही। आखिर हम अपनी जिम्मेदारी पुतिन पर तो नहीं छोड़ सकते कि वह रशिया से आई.एस.आई.एस पर बमबारी करें।

१८

बाल ठाकरे के बारे में तुम क्या कहेंगे?

अग्निवीर:

जब तक वो जिन्दा थे, बॉलीवुड के किसी ऋषि कपूर में इतनी हिम्मत नहीं थी कि वो गौमांस भक्षण की अपनी लिप्सा को सही ठहरा सके। बल्कि, ये सारे बॉलीवुडी जोकर उनका आशीर्वाद लेने के लिए उनके बंगले के बाहर लाइन लगाकर खड़े रहा करते थे।

ज़ाहिर है कि, आज भी ऐसे किसी नेता की हिंदुत्व को बेहद जरुरत है, जिनका होना ही ऐसे जोकरों के मुंह सिले रखता है। उनके इस खाली स्थान को जल्दी ही भरना होगा।

१९

गांधी भी गौमांस पर प्रतिबंध के खिलाफ़ थे।

अग्निवीर:

तुम चाहते हो कि मैं गांधी का अनुसरण करूं? या फ़िर तुम्हारे कहने का मतलब है कि तुम गांधी का अनुसरण करते हो?

पहली स्थिति में अगर तुम चाहते हो कि मैं गांधी का अनुसरण करूं तो मैं ये चाहूंगा कि तुम शिवाजी का अनुसरण करो और गौ हत्यारों को खत्म करो।

दूसरी स्थिति में मांस खाना छोड़ो, खादी पहनो, आधुनिक गैजेट्स इस्तेमाल करना बंद करो और स्वच्छता मुहिम के सहभागी बनो। हर जगह अपनी नफ़रत और वासना की गंदगी फ़ैलाना बंद करो।

२०

प्राचीन भारतीय संस्कृति गौमांस का समर्थन करती है।

मैँ गौमांस खाऊंगा क्योंकि प्राचीन भारत में भी गौमांस खाया जाता था, तुम खुद अपनी संस्कृति से अनजान हो।

अग्निवीर:

- प्राचीन भारतीय संस्कृति के लिए अचानक उमड़ आए इस प्रेम को देखकर मैं हैरान हूं। दिलचस्प बात यह है कि ये प्रेम तभी उमड़ता है जब तुम अश्लीलता और नग्नता की अपनी विकृत कामांधता को सही ठहराना चाहते हो या प्राणियों से खाने की थाली सजाकर अपनी पैशाचिक वृत्तियों के चोंचले पूरे करना चाहते हो।

- पाषाण युग में इंसान बिना कपड़ों के घूमा करते था, तो क्या अब तुम भी ये इरादा रखोगे?

- प्राचीन काल में भारत एक हिन्दू राष्ट्र था, तो आइए अब फ़िर से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित कर दें। क्या? नहीं? क्यों? अगर गौमांस इसलिए खाया जाना चाहिए क्योंकि प्राचीन भारतीय इसे खाया करते थे तो हिन्दू राष्ट्र से आपत्ति क्यों? अब क्या सारे बीफ़ प्रेमी ख़त्म हो गए हैं?

- बहरहाल, हिन्दू धर्म की उद्गम स्थली - वेदों में से कोई भी एक प्रामाणिक मंत्र निकाल कर दिखाओ जो गौमांस भक्षण का समर्थन करता हो, अग्निवीर तुम्हारे समर्थन में साथ खड़ा मिलेगा। और अगर तुम ऐसा नहीं कर पाये, तो अग्निवीर प्रताप और शिवाजी के ही अंदाज़ में तुम्हारा इलाज़ करेगा। मंज़ूर? और अब डी.एन.

झा जेसो की मूर्खतापूर्ण अनुसंधानों का हवाला मत देने लगना।

२१

हिन्दू धर्म शास्त्र गौमांस भक्षण का समर्थन करते हैं।

मैं गौमांस खाऊंगा। हिन्दू धर्म शास्त्र जैसे वेद, गीता, रामायण, महाभारत, मनुस्मृति भी गौमांस भक्षण का समर्थन करते हैं।

अग्निवीर:

- प्राचीन भारत प्रेमी बनने के बाद, गौमांस प्रेमी अब हिंदुत्व प्रेमी बन गया है। विडंबना की पराकाष्ठा देखिए कि यही गौमांस प्रेमी दक्षिण पंथियों के प्राचीन भारत और हिन्दू धर्म के प्रति प्रेम से जल भुन कर २५ वर्ष की आयु में ही गंजा हो गया था!

- वेदों में तो निरपराध मनुष्यों और पशुओं जैसे - गाय की हत्या करने वाले को गोली मारने का आदेश भी दिया गया है। तो चलो हम एक समझौता करें – तुम अपने पक्ष के वेदों का पालन करो अर्थात् गौमांस भक्षण और मैं वेदों के मेरे पक्ष का पालन करूंगा अर्थात् गौहत्यारे ....! सौदा मंजूर है?

- क्या तुम में यह कहने कि हिम्मत भी है कि कुरान पोर्क (सूअर का स) खाने की और पैगंबर का कार्टून बनाने की इज़ाज़त देती है? जैसे ही बात हिन्दू धर्म से इस्लाम पर आती है अचानक तुम्हारी बोलने की आज़ादी ‘मज़हब के अंदरूनी मामलों में दखलंदाज़ी करने से कतराने लगती है? अब यह मत कहने लगना कि तुम इतनी अरबी जानते हो, जो यह कह सको कि कुरान पोर्क और कार्टून का निषेध करती है और पर्याप्त संस्कृत जानते हो जो वेदों

में गौस समर्थन दिखा सको। तुम्हारी औकात और तुम्हारी अक्ल के पैमाने को देखते हुए मैं जानता हूं कि तुम सिर्फ 'झा' जैसे मूर्ख व्यक्तियों की बकवास (जो कि असल में तुम पूरी तरह से समझ भी नहीं पाते) की नक़ल उतारने वाले एक बोदे आदमी हो,जो शांतिप्रिय हिन्दुओं की भावनाओं का मजाक उड़ाने में ही अपनी शान समझता है।

- अगर तुम यह निश्चित तौर पर जानते हो कि कुरान पोर्क और कार्टून का निषेध करती है, तो जिस तरह तुमने हिन्दू धर्म और भारतवर्ष में बीफ़ और पोर्न के निषेध पर हाय-तौबा मचाई थी, वैसी कुरान के लिए कब मचा रहे हो?

- लेकिन, अगर तुम आश्वस्त हो कि कुरान –पोर्क और कार्टून को अनुमति देती है तो इस बात को प्रबलता से कहो।

- लेकिन, अगर तुम इस बात के प्रति आश्वस्त नहीं हो कि कुरान पोर्क खाने या कार्टून बनाने की अनुमति देती है या नहीं तब तुम वेदों के प्रति इतने आश्वस्त कैसे हो कि वेद गौमांस भक्षण का समर्थन करते हैं? क्या तुम यह कहना चाहते हो कि तुम कुरान की अरबी नहीं जानते लेकिन वैदिक संस्कृत के बड़े ज्ञाता हो? या फिर कहीं ऐसा तो नहीं है कि हिन्दुओं की हानिरहित भावनाओं से खिलवाड़ करना तो विडियो गेम खेलने से भी आसान है। लेकिन शांतिदूतों की किसी बात का ज़रा विरोध भी तुम्हें चिरशांति में पहुंचा सकता है!

तात्पर्य यह है : हिन्दुओं के लिए गौमांस भक्षण के वही मायने हैं जो मु-सलमानों के लिए पैगंबर का कार्टून बनाने के हैं। बल्कि कार्टून बनाने से

भी ज्यादा गंभीर अपराध है – गौमांस भक्षण। क्योंकि कार्टून बनाने में कोई मारा नहीं जाता, लेकिन गौमांस खाने के लिए एक माँ सामान प्राणी का क़त्ल होता है। अतः अग्निवीर की सलाह मानें, अन्यों की हानि रहित भावनाओं का सम्मान करें।

- ऐसा क्यों है कि जब इस्लामिक आतंकवाद की बात आती है, तब तुम 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता' – ये राग अलापने लगते हो, जबकि कुरान और हदीसों की उपलब्ध अनुवादित सैंकड़ों आयतें खुले तौर पर हिंसा का प्रचार कर रही हैं। लेकिन जब एक अरब हिन्दू तुम से गाय को न मारने की प्रार्थना कर रहे हैं, तुम अचानक वैदिक साहित्य के विशेषज्ञ बन कर गौमांस के समर्थन में हवाले देने लगते हो? हिन्दुओं के मामले में न तो तुम बहुसंख्य आवाज़ों को सुनते हो और न ही तुम्हें हिन्दू धर्म शास्त्रों का रत्तीभर भी ज्ञान है, लेकिन फिर भी तुम अपने विचारों को ऐसे थोपते हो जैसे वो भगवान के वचन हों। लेकिन जब बात इस्लाम की आती है तब तुम बड़ी धृष्टता से यह कहने लगते हो कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, जबकि न तो बहुमत की आवाज़ और न ही इस्लामिक किताबों के प्रकाशित अनुवाद ही तुम्हारा साथ देते हैं।

२२

स्वामी विवेकानंद ने बीफ़ खाने का समर्थन किया है।

विवेकानंद ने कहा था कि गौमांस प्राचीन हिन्दू संस्कृति का एक आवश्यक अंग था।

अग्निवीर:

- अब अचानक ही तुम स्वामी विवेकानंद के भक्त बन गए हैं? क्या तुम को पता है, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गाय के लिए प्यार – हिन्दू, जैन और सिख धर्मों के सभी पक्षों को एक सूत्र में पिरोता है। क्या तुम उस सूत्र तो तोड़ना चाहते हैं? कहीं आपका संबंध आईएसआईएस से तो नहीं?
- तुम किस इंसान का कौन सा हवाला दे रहे हो, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता। गौमांस भक्षण वर्तमान हिन्दुओं की भावनाओं को मर्मान्तक पीड़ा पहुंचाता है। गाय की हत्या अमानवीय, पर्याव-रण विनाशक और स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक दुष्कर्म है, जिसके अनगिनत विकल्प मौजूद हैं जो हिन्दुओं की भावनाओं को चोट भी नहीं पहुंचाते। इसलिए गौमांस खाने का कोई मतलब नहीं है।
- विवेकानंद को संपूर्णता से पढ़िए, जो सही हो उसे अपनाइए और जो किसी की निर्दोष भावनाओं को आहत करता हो, उसे नकारिए। यही धर्म है।

तुम प्राचीन इतिहास का हवाला न ही दें तो अच्छा होगा। उस युग की बात न करें जब यह मानने वाला कोई नहीं था कि मूर्तिपूजक होने के कारण हिन्दू दोज़ख की आग में जलेंगे। उस युग की बात न करें जब ध्वज केसरिया हुआ करता था। उस युग की बात मत कीजिए जब भारत ने अपनी पश्चिमी सीमाओं से सांस्कृतिक आतंकवाद का सामना नहीं किया था। उस युग की बात मत करो जब तक पृथ्वीराज चौहान ने एक इस्ला-मिक आतंकी पर दया दिखाने की भयंकर भूल नहीं की थी। उस युग की

बात मत करो जब तक जयचंद ने शत्रुओं का साथ नहीं दिया था। ऐसी बातें आपको किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा सकतीं।

- तुम विवेकानंद का गलत उद्धरण प्रस्तुत कर रहे हो और इसीसे तुम्हारे बद इरादे जाहिर हो रहे हैं। मूल विषय से भटकने के बजाए मैं तुम्हें बता दूं कि अगर तुम ईश्वर का नाम लेकर भी कहो कि गौमांस भक्षण सही है, उससे भी कुछ अंतर नहीं पड़ेगा। क्योंकि हिंदुत्व ऐसी किसी आसमानी किताब पर आधारित नहीं है जिस पर कोई सवाल न उठा सके। हिंदुत्व तो मनुष्य की बुद्धि और समझ पर आधारित है।

बेहतर होगा कि हम आज पर ध्यान दें, लोगों की भावनाओं का सम्मान करें। इस बात को स्वीकार करें कि हिन्दु धर्म अपने ह्रदय में अत्यंत स्वास्थ्यप्रद, पर्यावरण हितैषी, अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक कार्य प्रणाली को समाहित करता है जो कि वर्तमान युग के लिए नितांत आवश्यक भी है। और करुणाशील बनें, आधुनिक जयचंद बनने की कोशिश न करें।

- प्राचीन हिन्दू धर्म में गौमांस की सच्चाई को जानने के लिए गौमांस पर हमारा विडियो देखें जो कि यू ट्यूब पर उपलब्ध है। जिसमें हिन्दू धर्म और विश्व के पुस्तकालय की सबसे प्राचीनतम पुस्तक – वेद पर लगाए गए गौमांस समर्थन के आरोपों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। गौर से पढ़िए – वेद गौहत्यारे के लिए मौत की सजा का प्रावधान करते हैं। प्राचीन भारत के प्रति आपके प्रेम को देखते हुए क्या तुम इस आदर्श न्याय के लिए तैयार हैं? अगर हां, तो कूद जाइए अपनी बालकनी से।

२३

बीफ़ दुनिया भर में खाया जाता है।

बीफ़ दुनिया में सर्वत्र खाया जा रहा है, क्या तुम सारी दुनिया में बीफ़ पर प्रतिबंध लगाना चाहेंगे?

अग्निवीर:

- मच्छर हर जगह पाए जाते हैं, तो क्या इसका मतलब है कि तुम अपने घर में डेंगू को आमंत्रित कर लें? या फिर तुम यह बात मानना चाहते हैं कि तुम में दिमाग नाम की चीज़ है ही नहीं, जो यह निर्णय ले सके कि तुम्हारे लिए क्या श्रेयस्कर है? और इसलिए तुम बाकी दुनिया के पीछे चलना चाहते हैं?

अगर हां, तो मेरी माँ को अपमानित करने की बजाए ऐसे बेअक्ल दिमाग अपना समय विडियो गेम खेलने में लगाएं।

अगर ना, तो दुनिया का उदाहरण देना बंद करें। मैं खुद अपनी बुद्धि से तय करूंगा कि मेरे घर (मेरे देश) के लिए क्या सबसे लाभदायक है।

प्रत्येक सभ्य देश अपनी भावनाओं को ध्यान में रखकर कुछ प्रजातियों के खात्मे पर रोक लगता है। जिसका एक उदाहरण - अमेरिका में बॉल्ड ईगल के वध पर प्रतिबंध है।

भाग ३ : मांस प्रेमियों को मुंह तोड़ जवाब

अध्याय ६

मांस भक्षण – मिथक और असलियत

मांसखोरों और इंसानों में पैरों की संख्या और पूंछ के आलावा भी कुछ अंतर होना चाहिए।

- अग्निवीर

इस अंतिम अध्याय में, मैं मांसभोजी लोगों द्वारा पूछे जानेवाले कुछ सामान्य सवालों के तर्कसंगत जवाब देने का प्रयास करूंगा। ये लोग मांस भक्षण को इसलिए सही ठहराना चाहते हैं क्योंकि इन लोगो को अपनी शंकाओं के ठोस और विश्वसनीय समाधान नहीं मिलते। लेकिन इससे पहले कि हम सवाल-जवाब का सिलसिला शुरू करें, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं मांस क्यों नहीं खाता।

न मैं मांस खाता हूं और न ही अंड़े से बनी कोई भी चीज। मैं चाहता हूं कि

हर मांसाहारी मांस खाना छोड़ कर शाकाहारी बने:

सबसे अधिक प्रदूषित उद्योग

क्योंकि मांस और पशु उद्योग आज विश्व के सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग हैं। आज दिखनेवाली पर्यावरण की हर समस्याओं का संबंध महत्वपूर्ण रूप से इस गैर-ज़रूरी उद्योग से जुड़ा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपने आलेख में मांस उद्योग को मौसमी बदलाव, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण, पानी की कमी और समाप्त होती जैव विविधता का सबसे बड़ा कारण माना है।

भूख और गरीबी का कारण

क्योंकि मांस दुनिया में भूख और गरीबी का सबसे कारण है। जैसे मैं भूखा और कुपोषित रहना पसंद नहीं करता, ऐसा ही मैं धरती माँ के दुसरे बच्चे, और मेरे भाई-बहनों के लिए भी महसूस करता हूं। अगर मैं खुद को मारकर भी उनकी भूख मिटा सकता तो मैं यह भी बड़ी प्रसन्नता से करता।

लेकिन मैं इतना जानता हूं कि अगर लोग मांस खाना बंद कर दें और शाकाहार अपना लें तो वह उतनी ही उर्जा और मेहनत की लागत में दस गुना अधिक मनुष्यों का पेट भर सकते हैं। इसका आधार उर्जा-स्तूप (Energy Pyramid) का वह सिद्धांत है जिसके अनुसार एक यूनिट (Unit) मांस का उत्पादन करने के लिए मांस उत्पादक पशुओं को कम से कम दस यूनिट (Unit) अनाज खिलाना पड़ता है। भोजन श्रृंखला (Food Chain) या उर्जा-स्तूप (Energy Pyramid) की कोई भी पाठ्य पुस्तक देखें। दरअसल आज अधिकतर व्यवसायिक तौर पर होने वाले मांस उत्पादन के लिए यह उर्जा क्षति कहीं ज्यादा है।

हर वो इंसान जो मांस खाना छोड़ता है, वह अपने अलावा और नौ लोगों के पेट भरने का प्रबंध करता है। मांस न खाने से बड़ा परोपकार और क्या होगा? और इससे बड़ा पाप मुझ से क्या होगा कि मैं अपने जीभ के चटखारे के लिए नौ लोगों को भूख से मरने पर मजबूर कर दूं? और यही नहीं, मांस उद्योग जमीन में पानी का स्तर नीचे ले जाने के लिए भी जिम्मेदार है।

क्योंकि मैं सारी मानवता को ही अपना परिवार मानता हूं, इसलिए अपने विश्वरूपी घर में अपने प्यारे भाई-बहनों और मासूम बच्चों की भूख और प्यास का कारण बनने का अपराध मुझे चैन से जीने नहीं देगा।

शाकाहारी विकल्प मौजूद हैं

क्योंकि आज के आधुनिक युग में मैं किसी को जिंदा रहने के लिए शिकार करता नहीं देखता, जैसा कि अफ्रीका में शेर करते हैं। मांस एक गैर-ज़रू-री व्यसन के इलावा और कुछ नहीं है। ऐसा कोई मांस उत्पाद नहीं कि जिसका कोई स्वास्थ्यप्रद शाकाहारी विकल्प उपलब्ध न हो।

मांस स्वाभाविक रूप से दुबारा पैदा नहीं किया जा सकता

क्योंकि मांस स्वाभाविक तौर से दुबारा पैदा नहीं किया जा सकता। किसी जानवर को एक बार क़त्ल करने के बाद नया जानवर पैदा नहीं होता। लेकिन, पेड़-पौधे, वनस्पति आदि अगर एक बार उखाड़ भी लिए जाएं, तब भी वह अपनी जड़ों, तनों या बीजों से दुबारा उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए मांस भक्षण से पैदा होने वाली भूख और प्यास की अवधि बहुत लंबी और विकट है।

जीवन खूबसूरत है

क्योंकि मुझे मेरे जिन्दगी सबसे ज्यादा प्यार है और मेरे प्रियजनों का जीवन भी मेरे लिए सबसे अनमोल है। ठीक उसी तरह मैं देखता हूं कि सभी मनुष्य अपने प्रियजनों का जीवन अमूल्य मानते हैं। अगर मैं इन में से किसी को मार दूं, तो मैं एक हत्यारा समझा जाऊंगा क्योंकि मैंने जीवन के सबसे अनमोल उपहार को छीन लिया है।

इसलिए मैं उन दूसरी प्रजातियों के साथ ऐसा जुल्म कैसे कर सकता हूं जो कि मेरी ही तरह एक चेहरा और दिमाग रखते हैं, और मेरी ही तरह उसे भी अपनी जान बहुत प्यारी हैं। वो भी मेरी ही तरह मौत के पास जाते हुए ड़रते हैं और उसी तरह की ख़ुशी और गम प्रदर्शित करते हैं जैसा कि मैं और मेरे प्रियजन। क्या सिर्क इसलिए कि मैं उनकी भाषा नहीं समझता या उन्हें मैं अपने से कम बुद्धिवाला मानता हूं? इस दलील के अनुसार तो मानसिक रोगियों को मारना भी न्याय संगत होगा, कोमा में जा चुके मरीजों और अनाथों को मारना भी ठीक होगा।

और क्योंकि ऐसा नहीं है इसलिए मांस-भक्षण भी मेरे लिए उतना ही बड़ा गुनाह है।

१

पेड़-पौधों में भी जान है।

फिर पेड़-पौधों को खाना भी क्यों बंद नहीं कर देते? आख़िरकार, विज्ञान के अनुसार उन में भी जान है।

अग्निवीर:

विज्ञान ने सिर्फ यह साबित किया है कि वनस्पतियां उसी तरह की रासायनिक प्रक्रियाओं और कोशिकामय संरचनाओं को दर्शाती हैं जैसी कि प्राणियों में पाई जाती हैं। विज्ञान ने यह नहीं कहा कि वनस्पतियों के पास भी प्राणियों की तरह ही एक व्यक्तित्व है। किसी भी तरह यह साबित नहीं होता कि पेड़-पौधे भी उसी तरह का दुख: दर्द या ख़ुशी महसूस करते हैं या उसी तरह की चेष्टाएं करते हैं जैसी कि प्राणियों में पाई जाती हैं। पेड़--पौधे उस तरह से प्रजनित नहीं होते जैसा कि प्राणी करते हैं या प्राणियों की तरह मरने के बाद नए पौधे उत्पन्न करना बंद नहीं करते। वनस्पतियों और प्राणियों में काफ़ी महत्वपूर्ण अंतर पाया जाता है। और इसलिए जीव विज्ञान भी प्राणी विज्ञान और वनस्पति विज्ञान की दो अलग-अलग शाखाओं में बंटा हुआ है।

इसलिए, मैं यह नहीं मानता कि वनस्पतियों में भी ऐसा कोई जीवात्मा है जो यह माने कि "मैं आम का पेड़ हूं।" इसके साथ ही ऊपर बताये दये गये कारणों को जोड़कर यह बात और भी साफ़ हो जाती है कि पेड़ों को खाना न्याय संगत है, प्राणियों को नहीं।

लेकिन, अगर हम यह मान भी लें कि पेड़-पौधे भी प्राणियों की तरह ही दर्द का अनुभव करते हैं, फिर भी हम प्राणियों को खाए बिना तो जी ही सकते हैं। लेकिन, हम वनस्पतियों को खाए बिना नहीं रह सकते। यहां हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचता। मांस खाने की बजाए वनस्पति को खाकर हम अपने परिवार के दस और लोगों की भूख और प्यास मिटा सकते हैं, उन्हें भोजन और पानी उपलब्ध करा कर। इसलिए सामान्य बुद्धि और बुनियादी मानवता यह कहती है कि हमें कम से कम उन पर तो दया रखनी चाहिए, जिन्हें हम मारे बिना और हमारे परिवार को यातना दिए बिना जीने

दे सकते हैं। नहीं तो फिर हो सकता है कि यही कारण देकर भविष्य में नरमांस भक्षण को भी सही ठहराया जाए।

२

जानवर मांस खा सकते हैं, तो फिर इंसान क्यों नहीं?

बाघ और शेर भी मांस खाते हैं। तो फिर इंसानों के मांस खाने में क्या बुराई है?

अग्निवीर:

शेर, बाघ, चीते और दुसरे मांसाहारी प्राणी मांस खाते हैं क्योंकि प्रकृति ने उनकी संरचना वैसी की है। अगर वे मांस नहीं खाएंगे तो वे मर जाएंगे। वे इस अवस्था में ही नहीं हैं कि विचार कर सकें, विश्लेषण कर सकें या चुनाव कर सकें कि क्या खाना है और क्या नहीं? वो नहीं जानते कि तश्तरी में खाना खाएं या कटोरे में, खाना पकाएं या न पकाएं, मांस को पांच तरह के मसालों के साथ पकाएं या कच्चा खाएं, तंदूर में पकाएं या आग पर भूनें। लेकिन क्योंकि इंसानों के पास यह कौशल है इसलिए सही और गलत का सवाल भी सिर्फ इंसानों से ही सम्बद्ध है।

इंसानों के पास खाने के दो विकल्प हैं – जानवर और वनस्पति। इस बात का सौ प्रतिशत प्रमाण है कि जानवरों खाना – भूख, प्यास, गरीबी और प्रदूषण का कारण है और इसके इलावा जानवरों को खाना वैकल्पिक भी है। इसलिए मेरे जैसा विवेकशील इंसान जानवरों को नहीं खाएगा। वनस्पतियों के बारे में विवाद है, मेरे जैसे लोग यह मानते हैं कि पेड़- पौधे रासायनिक प्रक्रियाओं का समूह मात्र हैं न कि व्यक्तित्वमय आत्मा। इस पर मतभेद हो सकते हैं। लेकिन, वनस्पतियों के इस विवाद पर कोई नि-र्णायक और अंतिम प्रमाण मौजूद नहीं है, इसलिए फिर भी उन्हें भोजन

के रूप में चुनना ज्यादा समझदारी भरा काम होगा बजाए इसके कि हम जानवरों को भोजन के रूप में चुनें। इस तरह बद से बदतर हालातों में भी हमारा गुनाह कम से कम होगा। और इसके इलावा हमारे पास इस हालात में और कोई विकल्प भी नहीं है।

मान लो कि तुम्हारे सामने दो बोतलें रखी हैं, जिन में से किसी एक को पीना तुम्हारी मज़बूरी है। एक बोतल के बारे में तुम को पक्का पता है कि इसमें जानलेवा जहर भरा हुआ है और उसे खोलने से दस और इंसान मरने वाले हैं। लेकिन दूसरी बोतल के बारे में संदेह की स्थिति है कि यह ज़हर है या नहीं, लेकिन उसे खोलने से कोई और मरने वाला नहीं है, तो तुम क्या चुनोगे?

मैं तो बिना कोई विचार किए दूसरी बोतल का चुनाव करूंगा। यही स्थिति पेड़-पौधों के साथ है जो भोजन का कुदरती और मानवीय उपाय हैं।

३

मैं एक नास्तिक हूं। मैं कुछ भी खा सकता हूं।

लेकिन मैं तो एक नास्तिक हूं। मैं ईश्वर और आत्मा में विश्वास नहीं करता। इसलिए पेड़-पौधे या प्राणी सभी समान रूप से जैव रासायनिक प्रक्रियाएं ही हैं। मैं दोनों में अंतर क्यों करुं?

अग्निवीर:

अगर तुम नास्तिक या अज्ञेयवादी हो तो तुम्हारे पास और भी बहुत से कारण हैं कि तुम वनस्पतियों को खाओ न कि जानवरों को। क्योंकि मैं समझता हूं कि तुम खुद को इंसान मानते हो और इंसान होने के नाते मैं समझता हूं कि तुम यह भी मानते हो कि किसी भी विचारशील समाज में

दूसरे इंसानों को दुःख-दर्द पहुंचाना स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मैं मानता हूं कि तुम अपने साथियों से प्रेम करते हो। मैं समझता हूं कि तुम सारी मानव जाति को अपना ही परिवार मानते हो। मैं यह मान कर चल रहा हूं कि तुम हर एक मासूम इंसान की परवाह करते हो और इसलिए मैं समझता हूं कि तुम चिकेन टिक्का के मज़े उड़ाते हुए काम से कम और नौ लोगों को भूखा रखना पसंद नहीं करोगे।

तुम यह भी पसंद नहीं करेंगे कि हमारी आने वाली पीढ़ियां महज़ इसलिए हमेशा के लिए रोगी और गरीब हो जाएं कि हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते आ रहे हैं। मैं समझता हूं कि तुम जरुर अपने बच्चों से प्यार करते हो और उन्हें अभिशाप देने की बजाए आशीर्वाद देना पसंद करते हो।

अगर मेरी यह समझ सही है तो एक नास्तिक को मांसाहार के ख़िलाफ़ मुहिम का सबसे प्रधान संदेशवाहक होना चाहिए और अगर मेरे यह अनुमान गलत हैं तो एक नास्तिक को मारकर खा जाना उतना ही ठीक है।

४

फ़िर तो दूध पीना भी अपराध है।

फ़िर पशु-पालन करना और उनका दूध पीना भी अपराध है?

अग्निवीर:

खैर, यह सब अस्पष्ट विषय हैं। इस पर अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं, पक्ष-विपक्ष हो सकते हैं, और जिस पर बहस और चर्चाएं की जा सकती हैं। पर इसके बावजूद यह तो पक्का है कि अगर पशुओं का दूध पीना अपराध है तो उनकी हत्या करना तो उससे भी बड़ा अपराध है। इसलिए भले ही इन कुछ मुद्दों पर हमारी राय अलग-अलग हो, हमें कम से कम

प्रकृति, मानवता और प्राणियों के खिलाफ़ ऐसे गंभीर अपराध करने से बचना चाहिए।

उदाहरण के लिए हम किसी की हत्या को यह कह कर सही नहीं ठहरा सकते कि उससे छोटे जुर्म जैसे - कॉरपोरेट धोखाधड़ी की व्याख्या कानून में अस्पष्ट है। जो लोग यह कहते हैं कि पशु-पालन करना और पशुओं का दूध पीना भी अपराध है, उनके लिए तो और भी ज्यादा और बड़े कारण हैं कि क्यों उन्हें पशुओं के प्रति दयाभाव रखने के आंदोलन का सूत्रधार होना चाहिए और शाकाहार का प्रचार करना चाहिए।

५

मैं ऐसी जगह पर रहता हूं, जहां पर सिर्फ़ मांस ही मिलता है।

अगर मैं ऐसी किसी जगह चला जाऊं, जहां सिर्फ़ मांस ही मिलता है, तो मैं क्या खाऊं? उदाहरण के तौर पर अगर मैं किसी टापू या अंटार्टिका पर फंस जाऊं तो?

अग्निवीर:

यह बड़ा ही दिलचस्प सवाल है! मुझे बताओ कितनी बार तुम अंटार्टिका गए हो या रॉबिंसन क्रूसो की तरह किसी टापू पर कब तुम फंसे? तुम्हारा सवाल बताता है कि तुम मानते हो कि इस के सिवाए कि तुम्हें किसी टापू पर फंसना पड़े या किसी ऐसी जगह जाना पड़े जहां जिन्दा रहने के लिए मांस खाना जरूरी है, बाकी सभी सूरतों में तुम्हें मांस नहीं खाना चाहिए।

ठीक है, चलो हम तुम्हें छूट दे देते हैं। अगर तुम वाकई ऐसा मानते हो तो जब तुम रॉबिंसन क्रूसो बन जाओ, तब मांस खा लेना। लेकिन ९९.९९९ प्रतिशत इंसान की बस्तियां और हालात तुम से रॉबिंसन क्रूसो बनने की

मांग नहीं करते। जहां भी मनुष्य समुदाय पाया जाता है, उन सभी स्थानों पर तुम्हें प्रचुर मात्रा में शाकाहारी या निरामिष भोजन मिल सकता है। आखिरकार, इंसान जिन जानवरों को खाते हैं वह भी तो वनस्पति ही खाते हैं। (सारी भोजन श्रृंखलाएं वनस्पतियों से ही शुरू होती हैं क्योंकि ऐसा कोई प्राणी नहीं है जो सौर ऊर्जा का रूपांतरण जैव ऊर्जा में कर सके, सिर्फ़ पेड़-पौधे ही ऐसा कर सकते हैं।)

६

अंडे सेहत के लिए अच्छे होते हैं।

अंडों के बारे में आपके क्या विचार हैं? अंडे तो सेहत के लिए अच्छे हैं, सरकार भी अंडे खाने का प्रचार करती है।

अग्निवीर:

सरकारें तो घोटालों के आरोपों में भी घिरी होती हैं। क्या सिर्फ इसलिए कि किसी चीज़ का सरकार प्रचार करती है, हमें उसे खा लेना चाहिए? अगर ऐसी बात होती तो घोटालों के खिलाफ़ और सरकारों को बदलने के लिए आंदोलनों की जरूरत न पड़ती!

अब अंडों पर आते हैं - क्या तुम कभी मुर्गी पालन केंद्र या पोल्ट्री फ़ार्म गए हैं? मुर्गी को जिस तरह की बेरहम यातनाएं देकर अंडे उत्पन्न करवाए जाते हैं, उसे देख कर तुम कांप उठेंगे! (अगर तुम में करुणा नाम की चीज़ हो तो!) इसके साथ ही पोल्ट्री फार्म स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक जगह होती है। अगर तुम यह सोचते हो कि मनुष्यों को कमोड से भी गंदगी उठाकर, खूबसूरत तश्तरी में सजाकर खाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, तब शायद तुम्हारे पास अंडे खाने के समर्थन का कम से कम एक लचर कारण है। क्योंकि सबसे आधुनिक और महंगे एग फार्म्स

(अंडे उत्पन्न करने के फार्म्स) भी कराची के गंदे बस अड्डे की गंदी टॉयलेट से ज्यादा साफ़ नहीं होते हैं! (वैसे, सब से ज्यादा साफ-सुथरे मीट फार्म, उससे भी ज्यादा गंदे हैं!)

साथ ही, अंडों में कोई ऐसा खास पोषक तत्व भी नहीं पाया जाता जो कि पेड़-पौधों में पर्याप्त मात्रा में न हो। असल में सामान्य शाकाहारी भोजन की तुलना में अंडे तो पोषक चीजों की गिनती में भी नहीं आते। दालों का सेवन अधिक बुद्धिमानी भरा और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है बजाए इसके कि हम किसी चिड़िया का भ्रूण खाकर पर्यावरण नष्ट करें।

७

नैसर्गिक संतुलन बनाए रखने के लिए हमें मांस खाना ही चाहिए।

अगर हम प्राणियों को खाना बंद कर दें, तो क्या उनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो जाएगी? और पूरी दुनिया ही उनसे नहीं भर जाएगी? कुदरती संतुलन बनाए रखने के लिए हमें प्राणियों को मारना ही चाहिए।

अग्निवीर:

शायद यह सवाल मेरी जिंदगी में अभी तक पूछा गया सबसे प्यारा और क्रूर सवाल है। प्यारा इसलिए क्योंकि ऐसा लगता है जैसे किसी मासूम बच्चे के मन में यह सवाल उठा है, जिसने अभी-अभी बाल विद्यालय में प्रकृति के बारे में पाठ पढ़ा है। क्रूर इसलिए क्योंकि यह सवाल पूछ कर तुम खुद को रॉबिन हुड की तरह पेश कर रहे हो जो धरती को बचाने के लिए ही मारता है!

लेकिन चलो सच्चाई से रूबरू होते हैं। हम में से कितने लोग असल में जानवर इसलिए खाते हैं क्योंकि सच में हमें पृथ्वी की चिंता है? हम में से

कितने वाकई पर्यावरण को लेकर सचेत हैं? हम में से कितने पर्यावरण-वादी हैं? या यह सिर्फ़ हमारी जीभ की लत ही है जिसे हमें किसी भी तरह पूरा करना ही है।

अब तथ्यों पर आते हैं। यह दलील तभी मानी जा सकती थी जब इंसान एक प्रजाति के रूप में शेर-चीतों की तरह शिकार करके सिर्फ मांस ही खाता। कोई भी मांसाहारी प्राणी मसलन शेर-चीते, हिरण और भेड़ पालने के लिए फार्म हाउस नहीं खोलते, जिससे उन्हें भोजन की आपूर्ति में आसानी हो सके।

इसके विपरीत, इंसानों ने मांस देने वाले जानवरों को उत्पन्न करने के लिए और उन्हें मार कर अपनी जीभ के चोंचले पूरे करने के लिए बड़े-बड़े व्य-वसायिक उद्योग खोल लिए हैं। निन्यानवे प्रतिशत लोग असल में जानवरों को मार कर खाने के लिए उन की खेती करते हैं, उनकी पैदावार करवाते हैं। और इस प्रक्रिया में वे पर्यावरण को अंधा-धुंध बरबाद करते हैं।

इसलिए, यह क्रूर सवाल खुद ही इसके पूछने वाले को ओसामा बिन लादेन के बराबर लाकर खड़ा करता है जो अपने आतंकी हमलों को मानवता की सेवा बताया करता था! (यह एक काला और डरावना सच है कि ज्यादातर आतंकी दूसरे लोगों की हत्या को इंसानियत और ख़ुदा के वास्ते की गई सेवा समझते हैं!)

बहरहाल, मनुष्य सभी प्राणियों और पक्षियों को नहीं खाते मिसाल के तौर पर मनुष्य मांसाहारी प्राणियों को नहीं खाते। अधिकांश मनुष्य कौए, गिद्ध, गीदड़ याबिच्छू को नहीं खाते हैं। तब इनकी संख्या से पृथ्वी भर क्यों न गई?

साथ ही, आगे चलकर यह सोच इस दिशा में भी मुड़ सकती है कि हम

बहुत बीमार और उम्रदराज़ लोगों को भी पका कर खाने की अनुमति दे दें! आखिरकार, बचपन से हमें यही तो सिखाया गया है कि जनसंख्या वृद्धि को ही हम हमारी सबसे बड़ी समस्या समझें।

अगर किसी ने परिस्थिति-विज्ञान (Ecology) का अध्ययन बुनियादी स्तर पर भी किया है, तब भी वह इस तरह की अवैज्ञानिक दलीलें देकर खुद का मज़ाक नहीं बनाएगा।

इसके विपरीत, मांस उद्योग ने कई प्रजातियों को लुप्त होने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसलिए अगर प्रकृति संवर्धन और जनसंख्या संतुलन ही आपके निष्काम लक्ष्य हैं, तो शाकाहार अपनाने में एक पल की भी देर न करें।

८

इंसान के लिए मांस खाना प्राकृतिक है।

दुसरे प्राणियों की हत्या करना एक कुदरती घटना है। सभी शक्तिशाली प्राणी, भोजन के लिए शिकार ही करते हैं। तो अगर इंसान ने भी इस प्राकृतिक विधान का पालन कर लिया तो क्या गलत किया?

अग्निवीर:

पहली बात, जैसे कि हमने पहले देखा कोई भी जानवर दुसरे जानवरों को खाने के लिए उनकी पैदावार नहीं करवाता। कोई भी जानवर कत्लखाने या पोल्ट्री फार्म्स नहीं खोलता। वे तो सिर्फ़ अपनी जरूरत के मुताबिक भूख की सहज़ प्रवृत्ति का पालन करते हैं।

दूसरी बात, सबसे ताकतवर प्राणी मुख्यतः शाकाहारी ही हैं चाहे वो हाथी, घोड़ा, दरियाई घोड़ा, जंगली भैंसा, गैंडा या गुरिल्ला हो।

तीसरी बात, जानवर बिना कपड़ों के रहते हैं, कविसम्मेलन नहीं करते, शौच के बाद अंगों की सफाई नहीं करते और भी बहुत सी ऐसी बातें नहीं करते जो इंसान करता है। वो तो खाने से पहले मांस को पकाते भी नहीं। अगर मांस खाना मनुष्य के लिए इतना ही स्वाभाविक होता तो हम में से अधिकांश, कांटें-चम्मच के इस्तेमाल के बिना ही कच्चे मांस का मज़ा लूटते।

मनुष्यों की संरचना बुद्धिमान बनने के लिए हुई है, यह निर्णय और चयन करने के लिए हुई है कि क्या सही है और क्या गलत, करुणाशील बनने के लिए हुई है, सच्चा और विवेकशील बनने के लिए हुई है। अतः अगर मनुष्य सचमुच ही 'स्वाभाविक' या 'प्राकृतिक' बनना चाहता है तो उसे जानवरों को सताना बंद करना होगा और उनकी सुरक्षा करनी होगी।

इस दलील को गंभीरता से लेने पर कल अगर कोई ताकतवर मनुष्य नरमांस भक्षण करने लगे तो उसे भी सही ठहराना होगा। इस में कोई संदेह नहीं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ़ किसी भी मुहिम का कोई आधार नहीं बचेगा। आखिरकार, प्रश्नकर्ता के अनुसार यह स्वाभाविक है कि सबसे शक्तिशाली अपने से कम शक्तिशाली को कुचल दे।

आइए, इसे स्वीकार करें कि यह पैशाचिक वृत्ति है न कि मनुष्य की विचार सरणी। मनुष्यता का मतलब है विश्लेषण, प्रेम, करुणा और कमजोरों को बचाने की चाह। यही वो गुण हैं जो मनुष्य को इतना विशिष्ट और जानवरों से अलग बनाते हैं।

९

जैविक या शारीरिक रूप से मनुष्यों की संरचना प्राणियों को खाने के लिए हुई है।

जैविक या शारीरिक रूप से मनुष्यों की संरचना प्राणियों को खाने के लिए हुई है। देखो, हमारे दांत, हमारी आंते। घास खाने वाले प्राणियों की तरह हमारे पास सेल्यूलोज़ पचाने वाले अवयव नहीं हैं। अतः क्या हमारी संरचना जानवरों को खाने के लिए उपयुक्त नहीं है?

अग्निवीर:

अपनी जीभ के चोंचलों को सही ठहराने का यह एक और लचर बहाना है। मानवों की संरचना घास खाने वाले और मांस खाने वाले दोनों तरह के प्राणियों से अलग है। घासखोरों की तरह हम मानव घास नहीं पचा सकते इसलिए हम घास खाने वाले नहीं हैं। परंतु, मांसखोरों की तरह हम कच्चा मांस खाने के लिए भी नहीं बने हैं। इसलिए हमारे पास बाघों और शेरों की तरह बड़े-बड़े नुकीले दांत या कैनाइन (Canines) भी नहीं हैं। मानवों के कैनाइन अधिक से अधिक गन्ना छीलने के लिए उपयुक्त हैं। (ऐसा करने से पहले अपने दंत चिकित्सक की सलाह ले लें। क्योंकि अगर तुम अधिक मात्रा में जंक फ़ूड का सेवन करते हैं तो शायद गन्ना छीलते-छीलते आपके दांत ही आपके हाथों में आ जाएं!)

मांस अगर हमारे लिए इतना ही प्राकृतिक आहार होता, तो हम लोग बिना पका कच्चा मांस ही खा रहे होते, मांसाहारी जानवरों की तरह जो प्राणियों का पीछा कर, उनका शिकार कर, उन्हें अपने दांतों और पंजों के नाखूनों से मार कर खाते हैं। हमें प्राणियों को बांध कर या पिंजरे में बंद कर, किसी विशेष हथियार से मारने की आवश्यकता न पड़ती। कोई भी मांसाहारी प्राणी ऐसा नहीं करता।

इसके विपरीत, फ़ल-सब्जियां कच्ची खाईं जा सकती हैं। असल में कई स्वास्थ्य प्रणालियां या आहार तालिकाएं अपक्व या कच्चे खाने को लक्ष्य में

रख कर ही बनाईं जाती हैं। परंतु, मांस को आग की आवश्यकता होती है ताकि उसे पकाकर शरीर के ग्रहण करने योग्य बनाया जा सके। आजकल कुछ जगहों पर कच्चे मांस की संकल्पना तेज़ी पर है। परंतु वैद्यकीय सलाह के अनुसार मांस को पकाना ही उचित है ताकि संक्रमण से बचा जा सके। वैसे, कच्चे मांस के नाम से ही कुछ लोग मुंह बनाने लगते हैं, आख़िरकार प्रकृति ने हमारी संरचना क्रूर न बनने के लिए की है।

अतः अगर तुम जीव विज्ञान से प्रेरणा लेते हैं तो शाकाहारी बनिए। हमारे दिमाग, शरीर, बुद्धि और भावनाओं की संरचना सिर्फ़ और सिर्फ़ एक करुणाशील और दयावान इंसान बनने के लिए हुई है।

१०

मेरे समाज में मांस प्रमुख भोजन है।

मैं ऐसे समाज और परिवार में रहता हूं, जहां मांस प्रमुख भोजन है। अचानक मांस खाना छोड़ कर मैं अपने समुदाय में बावला कैसे नज़र आऊं?

अग्निवीर:

यह सच में एक योग्य सवाल है। वाकई यह मुद्दा बहुत से सच्चे और ईमानदार लोगों से जुड़ा हुआ है, जो अपने साथियों के दबाव में आकर मांस खाते हैं।

इसका समाधान यह है कि हम इस मुद्दे को दूसरे दृष्टिकोण से देखें। एक पल के लिए मान लीजिए कि तुम उन नरभक्षी लोगों के झुंड का हिस्सा हैं, जो आपके परिवार के सदस्यों को खाना चाहते हैं। क्या तुम उनके साथ दावत करना पसंद करेंगे? अपनी बेटी की टांग, माँ की उंगलियां और

अपने भाई की आंतड़ियां मसाला करी के साथ खाना पसंद करेंगे?

एक विवेकशील इंसान सम्पूर्ण प्राणिमात्र को ही अपने परिवार का हिस्सा मानता है। लेकिन, अगर तुम सिर्फ मनुष्यों को ही अपना परिवार समझते हों, तब भी मांस भक्षण का अर्थ हुआ कि तुम अपने परिवार के कम से कम दस सदस्यों की हत्या कर रहे हैं।

अतः अगर हम ऐसे ही प्रकृति माँ को सचमुच अपनी माँ मानना शुरू कर दें तो समस्या का समाधान हो जाएगा। तब हम प्रकृति माँ का ध्यान उसी तरह रखेंगे, जैसे हम अपनी माँ का रखते हैं। फ़िर हम अपने वैश्विक भाई--बहनों की भूख-प्यास से खुद व्याकुल होंगे और बहुत से मासूमों को भूख से मारने वाली ऐसी किसी भी चीज़ में सहायक नहीं बनेंगे। तब तुम ऐसे इंसान नहीं रहोगे जो अपनी ईमानदारी के लिए शर्मिंदगी महसूस करता हो, बल्कि तुम सकारात्मक बदलाव के प्रतिनिधि बन जाओगे। इस बात से झिझकने की बजाए कि तुम मूर्ख दिखोगे, तुम्हे अपनी समजदारी पर गर्व होगा।

११

तब तो सभी मांसाहारी लोग हत्यारे हुए।

तो इसका मतलब सभी मांसाहारी लोग हत्यारे हुए और उनसे नफरत करनी चाहिए?

अग्निवीर:

पारिभाषिक रूप से इस सवाल का पहला हिस्सा सही है। कोई भी जो कि किसी भी तरह किसी मासूम की जान लेने में सहायक होता है, वह निस्संदेह एक हत्यारा है। लेकिन हम उन से नफ़रत किए जाने के पक्ष में

नहीं हैं। मांस भक्षण आज एक सांस्कृतिक मुद्दा बन चुका है। इस तरह के सांस्कृतिक मुद्दों को सुलझाने के लिए लोगों को संवेदनशील बनाने की और उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है न कि उन से नफ़रत करने की या तालिबानी फ़रमान निकालने की। ध्यान रखें कि मांस भक्षण के विरुद्ध चलाई जाने वाली पूरी मुहिम की बुनियाद ही प्राणी मात्र के प्रति करुणा और सच्ची संवेदना पर टिकी हुई है। अतः हमें इस नृशंस परिपाटी को मिटाने के लिए मानवीय तरीके ही अपनाने होंगे।

इस बात से हम पूरी तरह सहमत हैं कि मांस भक्षण को रोकने के लिए और स्वास्थ्यप्रद और पर्यावरण और मानव हितैषी आदतों जैसे कि शाकाहार को बढ़ावा देने के लिए समुचित कानून बनाए जाने चाहिएं। लेकिन यह किसी के प्रति नफ़रत की भावना को रखते हुए नहीं होना चाहिए। हम सभी मनुष्य एक ही परिवार हैं। हम सब एक-दूसरे से प्यार से बरतें और एक-दूसरे की उन्नति में सहायक बनें। अतः भले ही तुम मांस खाते हों, मैं आपको फिर भी उसी तरह प्यार करूंगा जैसे एक गाय अपने नवजात बछड़े से करती है और इसलिए मैं तुम सब से निवेदन करूंगा कि मांस खाना छोड़ें।

१२

मांस उद्योग बंद होकर बेरोज़गारी बढ़ाएंगे।

मांस उत्पादन के पशु फ़ार्म और उद्योगों में काम करने वाले बहुत से लोगों का क्या होगा? क्या इस से इन उद्योगों में काम करने वाले बेरोज़गार नहीं हो जाएंगे?

अग्निवीर:

नहीं, बल्कि उनकी उत्पादकता और बढ़ेगी। अगर मांस की बजाए वेलोग

पेड़-पौधे, शाक-भाजी उगाना और अनाज की खेती करना शुरू कर दें, तो वे उतने ही पूंजी निवेश में दस गुना अधिक लोगों को खिला सकते हैं। अतः इससे अर्थव्यवस्था को बहुत बढ़ावा मिलेगा और सबके लिए समृद्धि आएगी और आगे आने वाली पीढ़ियां भी उन्हें कम प्रदूषित वातावरण और कम भुखमरी वाला जीवन देने के लिए आपको धन्यवाद देंगी।

१३

मनुष्यों ने मांस भक्षण किसी कारणवश ही शुरू किया है।

अगर मांस भक्षण इतना ही अस्वाभाविक होता तो मनुष्य इसे खाना शुरू करते ही क्यों?

अग्निवीर:

यही सवाल हत्या, धोखाधड़ी, नस्लवाद, लिंगभेद, आतंकवाद और बलात्कार जैसे गुनाहों के लिए भी उठाया जा सकता है। हर बुराई अज्ञानता और शिक्षा के अभाव में पनपती है। अगर तुम ईसाइयों की धर्म पुस्तक बाइबिल का भी अवलोकन करें, तो उसके पहले ही कांड में कहा गया है कि मूलतः सभी मनुष्य शाकाहारी ही थे। (जेनिसिस १।२९)

मानवता और विश्व के पुस्तकालय की सबसे प्राचीन पुस्तक - 'वेद' - प्रबल शब्दों में निरामिष भोजन को ही मनुष्यों की ख़ुराक घोषित करते हैं। यजुर्वेद का सबसे पहला ही मंत्र प्रस्तावित करता है - 'पशुओं की रक्षा करो'।

समय बीतने के साथ ही बुद्धिमत्ता के अभाव, विकास के अभाव और हिंसक कालखंडों के चलते दूरदृष्टि और समझदारी अपनाने की बजाए तत्कालिक जरूरतों को पूरा करने पर अधिक ध्यान दिया गया। धर्म और संस्कृति

के नाम पर आदिम युग के व्यवहार को अपना लिया गया। इसलिए मांस भक्षण भी लिंगभेद और नस्लवाद की तरह ही व्याप्त हो गया।

जब हम अपने वर्तमान और भविष्य की योजना बनाते हैं, तब हम इस बात की परवाह नहीं करते कि हमने यह काम अतीत में क्यों न किया? हम सिर्फ तर्कसंगति से वर्तमान और भविष्य में उससे होने वाले फायदों का मूल्यांकन करते हैं और उसी के अनुसार योजना बनाते हैं। इसलिए हम लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं, मोबाइल पर बात करते हैं, टी.वी देखते हैं और ट्रेन और हवाई जहाज़ में सफ़र करते हैं। फिर भले ही मानव सभ्यता के इतिहास में यह चीजें पहले कभी न रही हों। हमें इन बातों से परेशान नहीं होना चाहिए कि पूर्व काल में ऐसा कुछ क्यों न हुआ। इसकी बजाए इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमें अपने सबसे प्यारे सबसे न्यारे ग्रह को बचाने के लिए तुरंत किस चीज़ को करने की आवश्यकता है। और हमारी जीभ के चोंचलों की सज़ा भुगत रहे, भूख से बिलखते असंख्य लोगों को कैसे पोषण पहुंचाया जाए। हमें इस बात पर लक्ष्य केंद्रित करना होगा कि आज क्या कदम उठाने होंगे ताकि हम आने वाले कलमें हमारे अपने प्यारे बच्चों को उत्पीड़ित करने वाले खलनायक न बन जाएं!

१४

पशु अधिकारों की बजाए तुम मानवाधिकारों की बात कर रहे हैं?

मैं तो सोच रहा था कि तुम के तर्क एक पशु अधिकार कार्यकर्ता की तरह होंगे और मैं आपसे यह कहूंगा कि तुम वनस्पतियों के अधिकारों के लिए काम क्यों नहीं करते? लेकिन तुम तो एक मानवाधिकार कार्यकर्ता की तरह तर्क देते हैं, फ़िर मैं आपका प्रतिवाद कैसे करूं?

अग्निवीर:

उस परमपिता परमात्मा ने इस तरह से इस विश्व की रचना की है कि अगर कोई सच्चे मन से सिर्फ़ मनुष्यों की ही परवाह करने लग जाए तब भी बाकी प्राणियों की परवाह उसमें अपने तुम ही समाहित हो जाती है। आख़िरकार, यह एक अद्भुत सहजीवी विश्व है जिस में प्रत्येक चीज़ एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। जो तुम दुनिया को देते हैं वही आपके पास लौट कर आता है।

आपको ऐसी किसी चीज़ का प्रतिवाद करने की आवश्यकता ही क्या है, जो बिलकुल स्पष्ट और सहज ज्ञान से युक्त है? आइए, स्वीकार करें कि मांस भक्षण - लिंग भेद और नस्लवाद की तरह ही अन्धकाल में पनपी हुई एक सामाजिक बुराई है। अभी मुश्किल से एक सदी पहले ही हम ने स्त्रियों को मतदान का अधिकार दिया है। नस्लवाद और जातिवाद को कानूनी रूप से कुछ शताब्दियों पहले ही उखाड़ा गया है। और फिर भी इन बुराइयों के खिलाफ़ संघर्ष चल ही रहा है। इसलिए हम अभी तक इतने विकसित नहीं हुए हैं जितना कि तकनीकी उन्नति के कारण हमें लगने लगा है। आइए, पर्यावरण की बिगड़ती हालत और गरीबी के वैश्विक आंकड़ों को देखते हुए, मांस भक्षण को हम अगल बुराई समझें, जिसे तुरंत समाप्त किए जाने की आवश्यकता है। हमें यह अहसास करना होगा कि मांस का हर टुकड़ा जिसे हम चटखारे लेकर खा रहे हैं, दुनिया में कहीं न कहीं किसी एक गरीब की मौत का कारण बन रहा है और हमारे प्यारे बच्चों के रहने के लिए इस धरती को नारकीय बना रहा है।

उन लोगों के लिए जो वाकई बुद्धिमान हैं और करुणा भरा हृदय रखते हैं निस्संदेह यह पशु अधिकार का मुद्दा भी है। कहीं से यह जंगली मानसिकता हम में घर कर गई है कि यह दुनिया सिर्फ हम मनुष्यों के लिए ही बनी है। हमारी इस हवस ने पर्यावरण को बरबाद कर दिया और हम

यह समझने लगे कि सम्पूर्ण धरती ही हमारी निजी मिल्कियत है। पिछली शताब्दी से परिस्थिति इतनी बदतर हो चलीहै कि वैज्ञानिकों को अब यह डर सता रहा है कि आने वाले समय में भोजन, पानी और ज़मीन जैसी हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी कैसे होगी?

मध्य युग में हमारी इस लालसा के चलते ही हमने धर्म के नाम पर स्त्रियों को पुरुषों से कम समझा। कई धर्माचार्य यह मानते थे कि पशुओं की तरह ही स्त्रियों में भी आत्मा नहीं होती। कई दूसरों की मान्यता थी कि स्त्रियां, पुरुषों के मुकाबले आधी अक़्ल वाली और अपवित्र होती हैं। कुछ इंसान जैसे कि 'अश्वेत लोग' सिर्फ गुलाम बनाने के योग्य समझे गए। तब पिछले कुछ दशकों में प्रबुद्ध मनुष्य इस भयंकर भूल को सुधारते हुए, पहला युग वापस लाए। इस तरह हमने नस्लवाद और जातिवाद को जड़ से उखाड़ा। हम ने स्त्रियों को सामाजिक, बौद्धिक और राजनैतिक अधिकार देके पुरुषों के बराबर समझना शुरू किया। और अब वक्त आ गया है कि हम इस यात्रा को एक कदम और आगे बढ़ाकर पशु-पक्षियों के प्रति भी अपना लगाव दर्शाएं। मानवाधिकार, स्त्री-पुरुष समानाधिकार और पशु अधिकार यह सभी एक ही तरह की समस्याएं हैं जो मानव मस्तिष्क की एक सी अज्ञानता से जन्मती हैं। अतः जो उन्नत हो चुके हैं, उन्हें इस अगले कदम को उठाने के लिए आगे आना होगा।

और वह समुदाय भी जो स्त्री-पुरुष समानाधिकार और मानवाधिकारों को अभी पूरी तरह से अपनाने के लिए तैयार नहीं हो पाएं हैं अगर वो इस में पशु अधिकारों को भी शामिल कर लें तो तेज़ी से उन्नति कर सकते हैं।

लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते तब भी आज की ख़तरनाक स्थिति किसी भी समझदार इंसान को प्राणियों के अधिकारों को अपनाने के लिए बाध्य कर देगी। मानवाधिकारों के गंभीर मसले जैसे असंख्य लोगों की भुखमरी

और गरीबी और पर्यावरण को पहुंचते गंभीर नुकसान ने हमारे बच्चों का भविष्य ख़तरे में डाल दिया हैऔर इन समस्याओं को दूर करने के माध्यम के रूप में हमें पशु अधिकारों को अपनाना ही होगा!

निष्कर्ष

सत्य के प्रकाश को झुठलाने की कोशिश ना करें। सत्यनिष्ठ बनें, विनम्र बनें और विवेकशील बनें। दूसरों से प्यार करें क्योंकि तुम अपने लिए भी दूसरों से यही चाहते हैं। अपने भाई-बहनों और बच्चों के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित करने के लिए तुम कम से कम इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने प्याले में पड़े चिकन सूप को टमाटर सूप से बदल दें।

मनुष्य बनें, मनुष्यों से प्रेम करें। मांस को ना कहें। याद रखें तुम को वही मिलता है, जो तुम दूसरों को देते हैं।

संजीव नेवर – एक परिचय

आज के समय में वेद, गीता, योग और हिंदू धर्म के मर्म को जानने वाले चुनिंदा लोगों में से एक। वेद, आध्यात्म और सनातन धर्म के बारे में फैली भ्रांतियों और हिंदू-विरोधी लोगों के एक-एक आरोप को अपनी अनेक पुस्तकों में धराशायी करने वाले एक मात्र धर्म-रक्षक। देश और विदेशों में लाखों लोगों की प्रेरणा बनने वाले अग्निवीर नामक संगठन के संस्थापक। अग्निवीर के माध्यम से भारत देश में जाति, मज़हब और लिंग के आधार पर होने वाले अन्याय और धर्म परिवर्तन पर कठोर आघात कर बराबरी और न्याय के लिए काम करने वाले। जातियों की एकता के लिए अग्नि-वीर के मशहूर 'हिंदू दलित यज्ञ' कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत। जीवन बदल देने वाली दस से भी अधिक पुस्तकों के लेखक, कवि, वक्ता, दार्शनिक और योगी। अपने प्रेरणा भरे शब्दों से आत्महत्या करने के लिए तैयार कुछ युवाओं को मृत्यु के मुँह से खींच लाने वाले जादूगर। विश्व प्रसिद्ध IIT-IIM के स्नातक, वैज्ञानिक और विश्व के २० सबसे प्रतिष्ठित रिस्क मैनेजमेंट गुरुओं में से एक। संजीव नेवर ढलते हुए धर्म में दोबारा प्राण फूँकने वाले कर्मयोगी हैं।

अग्निवीर - एक परिचय

अग्निवीर आईआईटी - आईआईएम शिक्षा प्राप्त, डेटा वैज्ञानिक, और योगी श्री संजीव नेवर द्वारा स्थापित एक आंदोलन है। सत्य, आध्यात्म और पुरुषार्थ से संसार और स्वयं के लिए सुख बढ़ाना इस आंदोलन का उद्देश्य है। वेद, गीता और योग की शक्तियों से आज की समस्याओं के समाधान में अग्निवीर कार्यरत है। 'शिकायत करने वाले कभी नहीं जीतते, कर्म करने वाले कभी नहीं हारते', इस मंत्र को लेकर अग्निवीर ने समाज में धर्म और कर्म की नयी धारा प्रवाहित की है। अग्निवीर के सम्पर्क में आकर हज़ारों प्रशंसकों के अपने जीवन के लिए बदला नज़रिया उनके पत्रों और संदेशों से झलकता है। अग्निवीर के जीवन बदल देने वाले संदेशों को पढ़ कर आत्महत्या के लिए जाने वाले निराश लोगों का वापस जीवन में लौटना इसी चमत्कार का हिस्सा है।

डर, शर्म और अन्य कारणों से समाज में कभी ना उठाए जाने वाले मुद्दों को अग्निवीर के प्रचंड पुरुषार्थ ने इस छोटे से समय में सबके सामने ला खड़ा किया है। सदियों से जात-पात के बंधनों में ख़ुद को जकड़ कर रखने वाले हिंदू समाज में दलित-यज्ञ की शुरुआत करके धार्मिक और जातियों की एकता का बिगुल फूँका। असामाजिक तत्त्वों द्वारा हिंदू महिलाओं को बहला-फुसला कर धर्म-परिवर्तन करके शादी करने के बड़े घिनौने लव जिहाद रैकेट का पर्दाफ़ाश किया। जिहादी चंगुल में फँसी महिलाओं (कई नाबालिग़ बच्चियों समेत) की रक्षा की। मुस्लिम महिलाओं के समान अधिकारों के लिए चार शादी, ३ तलाक़, हलाला, जिस्माना-ग़ुलामी की जंगली प्रथाओं के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त संघर्ष किया। इन सभी मुद्दों पर अग्निवीर के अनथक प्रयास निरंतर जारी हैं।

अग्निवीर ने भारत के संवेदनशील क्षेत्रों में निःशस्त्र आत्मरक्षा कार्यक्रम

आयोजित किए हैं ताकि विषम समय में असहाय लोगों की रक्षा की जा सके। भारत और दुनिया में तेज़ी से फैल रहे इस्लामी कट्टरवाद से युवाओं को बचाने के लिए अग्निवीर के Deradicalisation कार्यक्रम देश रक्षा में अहम स्थान रखते हैं। मज़हबी कट्टरवाद से बहुत से युवाओं को छुड़ाकर सनातन धर्म की मुख्यधारा में लाने का श्रेय अग्निवीर को है। भारत के स्कूलों में पढ़ाए जा रहे झूठे इतिहास को अग्निवीर की चुनौती के बाद सच्चे इतिहास को लेकर लोगों की उत्सुकता और माँग सकारात्मक प्रभाव का प्रमाण है।

अग्निवीर की बीस से ज़्यादा किताबें हिंदू धर्म, आध्यात्म, वेद, योग, प्रेरणा, हिंदू धर्म पर आक्षेप और उनके उत्तर, सामाजिक, जाति, स्त्री-पुरुष एकता, मानव अधिकार, भारत में आक्रमणकारियों का सच्चा इतिहास, मत-सम्प्रदाय-मज़हब, कट्टरता और कई झकझोर देने वाले मुद्दों पर छपी हैं जो अपने विषय पर अद्वितीय हैं और पाठकों में अत्यंत लोकप्रिय हैं।

अग्निवीर भविष्य का सूर्य है। आइए, जुड़िए। परिवार, देश और धर्म की सेवा कीजिए। जीवन को एक मतलब दीजिए। मोक्ष मार्ग पर आरूढ़ हो जाइए।

अधिक जानकारी के लिए देखें-

वेबसाइट: http://www.agniveer.com/

फेसबुक: http://www.facebook.com/agniveeragni

यूट्यूब: http://www.youtube.com/agniveer

ट्विटर: http://www.twitter.com/agniveer

अग्निवीर का सदस्य बनने के लिए, यहां सदस्यता फॉर्म भरें:

http://www.agniveer.com/membership-form/

अग्निवीर को सहयोग प्रदान करने के लिए, यहां जाएँ:

पेमेंट पेज : http://www.agniveer.com/pay/

पेपाल : give@agniveer.com

अग्निवीर

राष्ट्र सेवा | धर्म रक्षा